▼ ब्रीफ खबरें

### भारतीय मजदूर संघ ने की मुलाकात

**धनबाद :** केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे के धनबाद आगमन पर भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि ने मंत्री से मिला. इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री से यूनियन नेता ने औपचारिक मुलाकात कर मजदूरों की समस्या से अवगत कराया. जिसमें मुख्यरूप से प्रभात कुमार मंत्री भामसंघ झा प्रदेश, उमेश कुमार सिंह महामंत्री धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ , मुरारी तांती अध्यक्ष, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ सहित अन्य शामिल थे.

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, काम बंद

**निरसा :**कलियासोल प्रखंड के चिरूडीह गांव के ग्रामीणों ने सड़क ढलाई निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए कार्य को बंद करवा दिया. सड़क निर्माण कार्य चिरुडीह से आंखदुवारा तक डीएफटी मद से की जा रही है. ग्रामीणों का आरोप है कि सडक निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है. एक तरफ सड़क बन रहा है दूसरी और टूटती जा रही है. सड़क ढलाई में सीमेंट कम बालू का मात्रा अधिक देखी जा रही है. ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं होगा, सड़क निर्माण कार्य बंद रहेगा.

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता हरेंद्र लाल का निधन

**मैथन:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद ग्रामीण जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख हरेंद्र लाल उर्फ नन्हकू का आकस्मिक निधन रविवार की सुबह प्रयागराज में इलाज के दौरान हो गया. उनके निधन की खबर पाकर निरसा के स्वयंसेवकों में शोक व्याप्त हो गया. हरेंद्र लाल बाल स्वयंसेवक थे और लगभग 30 वर्षों से संघ से जुड़े रहे. उन्होंने संघ में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया, जिनमें निरसा खंड के व्यवस्था प्रमुख, धनबाद ग्रामीण जिला गौ सेवा प्रमुख, धनबाद ग्रामीण जिला सेवा प्रमुख और धनबाद जिला ग्रामीण के कुटुंब प्रबोधन प्रमुख शामिल थे.

### होटल सेवन हेवन में महुदा पुलिस ने की छापेमारी

**महुदा।** महुदा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल सेवन हेवन में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिस पर एसआई चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की. इस कार्रवाई से होटल में थोड़ी देर के लिए भगदड़ मच गई. पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य होटल संचालक भी सहम गए हैं. महुदा पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि पुलिस अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्ती से पेश आ रही है और ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रही है.

### मंत्री ने किया लघु विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

**राजगंज।** भारत सरकार के कोयला व खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने राजकीयकृत भागीरथ ब्रह्माचारी उच्च विद्यालय, राजगंज में भारत कोकिंग कोल द्वारा निर्मित लघु विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया. इस अवसर पर मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने कहा कि यह लघु विज्ञान प्रयोगशाला विद्यार्थियों को व्यावहारिक अध्ययन करने में सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वे चीजों को सरलता से समझ पाएंगे. इस उद्घाटन समारोह में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व प्रत्याशी भाजपा नेता विक्रम पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष धनबाद ग्रामीण घनश्याम ग्रोवर सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूल के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे.

---

**दबंगई : सवाल पूछने पर डीलर ने पत्रकार का मोबाइल तोड़ा, थाने में की गई शिकायत**

# पीडीएस डीलर ने दिखाई दबंगई तो कार्डधारियों ने काटा बवाल

**खास बातें**

- दो किलो अनाज कम देने का लाभुकों ने लगाया आरोप
- डीलर ने कहा करते हैं राशन वितरण में कटौती

संवाददाता। कतरास




बाघमारा प्रखंड के जमुआटांड पंचायत अंतर्गत गड़गडिया बस्ती में पीडीएस डीलर ममता यादव के दबंगता व कार्डधारी को दो किलो अनाज कम देने व अनाज वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाकर लाभुकों ने रविवार जमकर बवाल काटा.हो-हंगामे के बीच पीडीएस डीलर ने दबंगई दिखाते हुए एक लाभुक राहुल मंडल के बेटा का पर्ची फाड़कर उसके मुंह पर फेंक दिया. जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पीडीएस डीलर का लाइसेंस रद्द करने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे. लाभुक राहुल मंडल ने बताया कि वो हमेशा उसी पर्ची से राशन का उठाव करता था लेकिन इस बार उसका पर्ची फाड़कर फेंक दिया. इस पर्ची से राशन देने से मना कर दिया. उपस्थित लाभुकों ने बताया कि राशन वजन करते समय तराजू में बटखरे के साथ साथ ईंट या पत्थर भी रखा जाता है. जितना राशन मिलना चाहिए उसमें से 2 किलोग्राम राशन का कटौती कर लेता है. एक लाभुक ने बताया कि उसे 28 किलो चावल और 7 किलो गेहूं के बदले 26 किलो चावल और 7 किलो गेहूं दिया गया.

**जांच के बाद होगी कार्रवाई : बीडीओ**

प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद को जब मामले की जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि मैं अपने स्तर से जांच पड़ताल करवाकर निश्चित रूप से डीलर के खिलाफ कार्रवाई करूंगी.

इस संबंध में पूछने पर पीडीएस डीलर ममता देवी ने बताया कि पीडीएस दुकानदार 1 किलो अनाज काटते हैं, यह केवल बाघमारा ही नहीं बल्कि पूरा झारखंड में सभी पीडीएस डीलर ऐसा ही करते हैं. यही जवाब उन्होंने राशन वजन करने में ईंट पत्थर का उपयोग करने को लेकर दिया. पर्ची फाड़ने के मामले में उन्होंने कहा कि लाभुक द्वारा भद्दी भद्दी गालियां दी जा रही थी. दबंग डीलर की दबंगई यहीं खत्म नहीं हुई बल्कि पीडीएस डीलर ने उग्र होकर समाचार संकलन करने पहुंचे एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार के साथ बदसलूकी करते हुए उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया.जोर-जोर से चिल्ला कर बोलने लगी कि हमलोग सभी जगह पैसे देते हैं. पत्रकार ने बताया कि संबंधित थाने में इसकी लिखित शिकायत कर दी गई है. इधर मामले को लेकर स्थानीय मुखिया निरंजन गोप ने कहा कि पहले भी इस पीडीएस डीलर की कई बार शिकायत की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. अधिकारियों के संरक्षण देने के कारण पीडीएस डीलर मनबढ़ू हो गए हैं. उन्होंने पीडीएस डीलर पर तानाशाही करने का आरोप लगाया. मामले की जानकारी मिलने के बाद एमओ मौके पर पहुंचे तथा मामले का विस्तार से जांच पड़ताल किया.

### भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**झरिया।** ताराचंद नंदलाल देवकरण लाल दलौतावासी परिवार की ओर से रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा की शुरुआत अग्रवाल धर्मशाला नया भवन में हुई. 15 सितंबर को कथा का समापन होगा. सुबह के समय गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित राणी सती मंदिर से निकाली गई, जो लाल बाजार होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंची. कलश यात्रा में पुरुष और महिला श्रद्धालु शामिल हुए. महिलाएं अपने माथे पर राजस्थानी परिधान में कलश थाम रखी थीं. पुरुष अपने-अपने हाथों में निशान थाम रखे थे. इस दौरान श्रद्धालु ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है समेत हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा भजन गा रहे थे. कथावाचक परम पूज्य स्वामी जय कृष्णदास जी महाराज वृंदावन से आए हैं.

---

# विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में हथियार के बल पर डीजल की लूट

**इंडस्ट्री के राजा व विशाल पासवान के खिलाफ थाने में शिकायत**

- एक माह में लाखों का डीजल लूट चुके हैं अपराधी

संवाददाता। धनसार

विश्वकर्मा परियोजना में सशस्त्र अपराधियों ने शनिवार की रात धावा बोल दिया. इसके बाद तैनात गार्ड बिष्णु महतो को पिस्टल का भय दिखाकर पिटाई करते हुए 153 लीटर डीजल परियोजना में खड़े मशीन से लूट ली. वहीं दिनदहाड़े परियोजना में टेंपो लाकर उसमें दो टायर लोड कर चलते बने. यहां अपराधियों के लगातार आतंक से मजदूरों में भय का माहौल बना हुआ है. इस संबंध में सुरक्षा प्रहरी महेंद्र सिंह ने अपराधियों में इंडस्ट्री के राजा पासवान और विशाल पासवान की पहचान करते हुए झरिया थाना में नामजद शिकायत की है. वहीं महेंद्र को अपराधी बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं. डर सहमे गार्ड महेंद्र ने झरिया पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है. परियोजना में गार्ड बिष्णु ने प्रबंधन को बताया कि शनिवार की रात अपराधियों का एक दल विश्वकर्मा परियोजना के जे पैच में धावा बोल दिया. सभी अपराधी हथियार से लैश थे.एक अपराधी ने पिस्टल निकालकर उसके कनपटी में सटाते हुए गोली मारने की धमकी दी.अपराधियों के आने से वहां काम कर रहे सभी कर्मियों में भगदड़ मच गई. इसके बाद लुटेरों ने पिटाई करते हुए एक घंटा तक बंधक बनाए रखा. दूसरी ओर अपराधियों के दूसरे साथियों ने बीई-10254 नंबर के शावेल से कई गैलेन से डीजल निकाल चलते बने.जाते-जाते कर्मियों को धमकी देता गया कि कितना भी थाना में शिकायत कर लो हमलोग को कुछ नहीं होगा. अपराधियों के जाने के बाद बिष्णु व कर्मियों ने इसकी सूचना प्रबंधन को दी. इसके बाद विश्वकर्मा परियोजना के सुरक्षा प्रहरी महेंद्र सिंह ने अपराधियों का नेतृत्व कर रहे विशाल पासवान और राजा पासवान व अन्य के खिलाफ पत्रांक संख्या 679/24 के तहत झरिया थाना में शिकायत की है. महेंद्र सिंह का कहना है कि ये लोग आए दिन विश्वकर्मा परियोजना में लूट की घटना को अंजाम दे रहा है1 एक माह के अंदर लाखों के डीजल लूट हो गई है. पूर्व में भी इन अपराधियों के खिलाफ झरिया थाना में मामला दर्ज बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं.

### बैजना कोलियरी के पावर स्टेशन पर चोरों का धावा



**ट्रांसफॉर्मर को किया क्षतिग्रस्त**
**डेढ़ लाख की क्षति**

**निरसा बाजार।** शनिवार मध्य रात्रि लगभग एक बजे अज्ञात चोरों ने ईसीएल बैजना कोलियरी के 25 नम्बर पावर स्टेशन पर धावा बोलकर तांबे का क्वायल निकालने के चक्कर में ट्रांसफॉर्मर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. चोरों ने पहले पावर कट किया फिर ढक्कन खोला. उसमें लगे पार्टस पुर्जे को अलग कर ट्रांसफॉर्मर के तेल को बर्बाद कर दिया. छोटे-छोटे टुकड़ों में केबल को काटा, मगर ट्रांसफॉर्मर में लगे क्वायल को नहीं निकाल सके जबकि चोर क्वायल को निकालने के लिये अपने साथ बांस,बल्ला व रस्सी साथ लाये थे. सूत्र के अनुसार क्वायल इसलिये बच गया कि उसी समय ईसीएल की पेट्रोलिंग पार्टी पहुंच गई .चोरों को भागना पड़ गया. जानकर बताते हैं कि ट्रांसफॉर्मर के निकट ईसीएल कर्मी रहते हैं और शिकारी कुत्ता भी पाले हुये हैं. ईसीएल कर्मी के अनुसार एक से डेढ़ लाख की क्षति हुई है. उन्होंने बताया कि 250 केवि का ट्रांसफॉर्मर है, इसमें 250 सौ लीटर तेल लगता है. ट्रांसफॉर्मर के क्षतिग्रस्त होने से पावर सप्लाई बाधित हो गयी. इसे ठीक कराने में दो दिन का समय लग सकता है. घटना की सूचना अभिकर्ता को दे दी गई है. बतातें चले कि दो दिन पूर्व ही बैजना कोलियरी के ही 31 न0 खदान में चोरों ने केबल काट लिया था.पूर्व में केबल चोरों का आतंक काफी बढ़ गया था.तत्कालीन निरसा थाना प्रभारी ने सक्रियता दिखलाई.आठ कुख्यात केबल चोरों को केबल के तारों के साथ गिरफ्तार किया था. कुछ दिनों के लिए केबल चोरी की घटना बन्द हो गई थी. परंतु जैसे ही पुलिस थोड़ी सुस्त हुई पुन: चोर सक्रिय होने लगे हैं.

> शिकायत मिली है.इस मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी,हालांकि पुलिस पहले से इन लोगों की तलाश की जा रही है.
> **सौरभ कुमार**
> **सब इंस्पेक्टर, झरिया थाना**

> अपराधियों से परेशान है.आए दिन अपराधी कर्मियों के साथ मारपीट कर डीजल लूट रहे हैं.डीजल चोरी मामले में सुरक्षा प्रहरी द्वारा थाना में शिकायत कराई गई है.
> **आशीष रंजन**
> **प्रबंधक, धनसार कोलियरी**

---

# एग्यारकुण्ड में आपकी सरकार आपके द्वार में ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता। मैथन



एग्यारकुण्ड प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत में रविवार को आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रधान सोरेन के नेतृत्व में एग्यारकुंड-शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया. सीओ के खिलाफ नारेबाजी की.सभी हाथों में नारा लिखा तख्ती लेकर प्रदर्शन कर रहे थे. इधर गोपीनाथपुर पंचायत के जन प्रतिनिधियों ने इसका विरोध किया. कहा कि दूसरे पंचायत में आकर प्रदर्शन करना गलत है. विरोध के बाद प्रदर्शन कर रहे लोग वापस लौट गये. वहीं भाजपा नेता सोरेन ने आरोप लगाया कि एग्यारकुण्ड दक्षिण पंचायत के मुण्डापाड़ा प्राथमिक विद्यालय के पीछे गैराबाद खाते की जमीन है. जिसे सीओ की मिली भगत से खरीद बिक्री किया जा रहा है. जबकि पास में ही वर्षो से रेलवे लाइन किनारे रह रहे लोगों रेलवे द्वारा हटाने का नोटिस दिया गया है. उन ग्रामीणों को सरकारी खाली जमीन पर अबुआ आवास देकर बसाने का काम नहीं किया जा रहा है.

अंचल अधिकारी आपस में ही आदिवासियों को लड़ाने का काम कर रहे हैं. सीओ कृष्ण कुमार मरांडी ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस तरह का प्रदर्शन करना गलत है. कहा कि एक आदिवासी परिवार सोना बारी को उच्च अधिकारी द्वारा साढ़े तीन डिसमिल जमीन दिया गया है. जिस पर वह घर बना रहा है.इसपर रोक लगाने की मांग की जा रही है, जो गलत है. वहीं सोरेन का कहना है कि उक्त जमीन मैथन निवासी अरबिंद सिंह की है. जिसपर सोना बारी जबरन कब्जा कर रहा है. सिंह ने लिखित आवेदन देकर स्थानीय गलफरबाड़ी पुलिस से इसपर रोक लगाने की मांग की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है.

### फुलारीटांड़ में सरकार आपके द्वार

**मधुबन ।** बाघमारा प्रखंड अर्तगत फुलारीटांड़ पंचायत सचिवालय में रविवार को सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद पहुंचे और कार्यक्रम का जायजा लिया. इस दौरान अबुआ आवास, राशन कार्ड, पेंशन,मनरेगा, कृषि,शिक्षा, मनरेगा,स्वस्थ्य विभाग,बिजली बिल विभाग आदि का स्टॉल लगाया गया था,ग्रामीणों ने अपने समस्या को संबंधित स्टॉल में आवेदन दिया. कार्यक्रम में जन्म-मृत्यु, व मुख्यमंत्री मंईयां योजना का कोई स्टॉल नहीं रहने के कारण बहुत से ग्रामीण आवेदन जमा नहीं कर सके. ग्रामीण अवधेश शर्मा ने कहा कि वे अपनी भतीजी का मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन देने के लिए आए थे परंतु उक्त समस्या के लिए कोई स्टॉल नहीं था. जिससे में आवेदन नहीं दे सके. ग्रामीणों ने उक्त कार्यक्रम सिर्फ खानापूर्ति करने की बात कहते हुए पुनिया देवी,मुन्नी देवी,पारो देवी,भागवंती देवी,हीरा देवी,उमा देवी,विंध्याचल चौहान,आदि ने कहा कि उक्त कार्यक्रम नवम्बर 2023 में आयोजित किया गया था. जो हमलोगों ने आवास की समस्या को लेकर अबुआ आवास का आवेदन दिए थे परंतु अभी तक आवास नहीं मिला. जिसको लेकर आज फिर दुबारा अबुआ आवास का आवेदन दे रहे हैं. राजस्व कर्मचारी सह प्रभार सीआई मो शाबुद्दीन,नोडल प्रभारी के रूप एवं कृषि विभाग से शक्तिपद महतो, बिजली विभाग से रोशन कुमार,स्वाथ्य विभाग से मीरा पंडित,बालविकास से प्रतिमा कुमारी आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम में अबुआ आवास में 232,राशन कार्ड में 48,साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 30,पेंसन में 20,आय प्रमाण पत्र में 13, बिजली में 3 आदि ग्रामीण ने आवेदन किया.

---

## राज्यसभा सांसद का स्वागत करने रांची जा रहे जदयू कार्यकर्ता

संवाददाता। कतरास

जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता राज्य सभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा का स्वागत के लिए रविवार को रांची रवाना हुए. बताते चलें कि संजय झा जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार झारखंड दौरे पर आ रहे हैं. झा 9 सितंबर को हवाई मार्ग से रांची आएंगे. उनके आगमन पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने स्वागत के लिए रांची हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत की तैयारी की है. सिंह ने कहा कि संजय झा जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने मुख्य अतिथि के रूप में रांची आ रहे हैं. उनके झारखंड आगमन पर जदयू कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं. टुंडी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए पूरी तैयारी के साथ रांची जा रहे हैं. रांची रवाना होने वालों में जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, बिन्दु देवी, इम्तियाज खान, रंजीत यादव, दीपक कुमार महतो, संजय दे, अशोक कुमार दास, जितेंद्र कुमार पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे.

## बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी ने बाघमारा पुलिस अनुमंडल कार्यालय का किया निरीक्षण

- लंबित मामलों के संधारण समेत अन्य विषयों पर दिए अहम निर्देश

संवाददाता। कतरास



बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी डॉ. माइकेल राज एस ने रविवार को बाघमारा पुलिस अनुमंडल पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया. इसके पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत बाघमारा एसडीपीओ आनन्द ज्योति मिंज और बाघमारा प्रखंड क्षेत्र के सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित थे. निरीक्षण के दौरान आईजी ने बाघमारा के सभी थानों में लंबित मामलों के संधारण समेत अन्य कई विषयों पर अहम निर्देश दिए.

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से उन्होंने कहा कि विभिन्न थानों के भवन जर्जर अवस्था में है, जिस पर विभाग की नजर है. इन भवनों के मरम्मत कराने की विभागीय प्रक्रिया शुरू की जा रही है. कोयलांचल में आये दिन अवैध कोयला कारोबारियों द्वारा कोलियरियों पर वर्चस्व स्थापित करने के मामले में उन्होंने कहा कि संबंधित थानों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिये गये हैं.

## महिलाओं को जुट क्राफ्ट का प्रशिक्षण, 20 दिवसीय शिविर

संवाददाता। मैथन

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटी और उद्यम विकास बोर्ड के तत्वाधान में रविवार से निरसा प्रखंड के श्यामपुर पंचायत सचिवालय में महिलाओं को जुट क्राफ्ट का 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू एवं प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास ने किया. महिलाओं को एनआर एजेंसी द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा. उक्त अवसर पर एनआर एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को प्रशिक्षण कीट दिया गया. प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए संजय सिंह पिंटू ने कहा कि महिलाएं स्वावलंबी हो. स्वयं अपना रोजगार करें तथा परिवार के आर्थिक स्थिति सुधारने में अपना योगदान दें. इस निमित्त सरकार द्वारा आप लोगों को जुट क्राफ्ट का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है1आप लोगों को प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण के लिए ज़रूरी सामग्री प्रशिक्षण देने वाली एजेंसी द्वारा किया जा रहा है. प्रशिक्षक आप लोगों को रोजमर्रा के काम में आने वाले सामग्री जैसे जूट के बैग, जूट का पेन स्टैंड, जूट के पर्स, जूट की कनवाली इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण देंगे.

---

**खेल** रांची में आयोजित हुई सीबीएसई ईस्ट जोन योगासन प्रतियोगिता

# धनबाद पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने लहराया परचम

**6 स्वर्ण और 6 रजत पदक हासिल कर ओवरऑल चैंपियन**

संवाददाता। धनबाद




रांची के गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल पीपी कंपाउंड में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन योगासन प्रतियोगिता में धनबाद पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने परचम लहराया है. इस स्कूल के प्रतिभागियों ने 6 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक हासिल कर ओवरऑल चैंपियन बने. प्रतियोगिता का आयोजन 5 सितंबर से 8 सितंबर तक किया गया.

### स्वर्ण पदक हासिल करने वाले प्रतिभागियों की सूची

अंडर 14 बालिका वर्ग के आर्टिस्टिक एकल प्रतियोगिता में अनन्या अग्रवाल ने स्वर्ण पदक हासिल किया. अंडर 14 बालक वर्ग के रिदमिक एकल प्रतियोगिता में निखिल राज को स्वर्ण पदक मिला. अंडर 19 बालिका वर्ग में आर्टिस्टिक एकल प्रतियोगिता में शताक्षी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया.

### रजत पदक हासिल करने वाले प्रतिभागियों की सूची

अंडर 14 बालक वर्ग आर्टिस्टिक एकल प्रतियोगिता में मयंक कुमार ने रजत पदक हासिल किया. अंडर 19 बालक वर्ग आर्टिस्टिक एकल प्रतियोगिता में नयन दत्त को रजत पदक मिला. अंडर 19 बालिका वर्ग रिदमिक एकल प्रतियोगिता में दीपिका ने रजत पदक पर कब्जा जमाया. अंडर 14 बालक वर्ग रिदमिक एकल प्रतियोगिता में मानस ने रजत पदक हासिल किया.

### कांस्य पदक हासिल करने वाले प्रतिभागियों की सूची

अंडर 14 बालक वर्ग रिदमिक एकल प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप को कांस्य पदक हासिल. अंडर 14 बालिका वर्ग रिदमिक एकल प्रतियोगिता में अदीरीजा पॉल को कांस्य पदक मिला. अंडर 14 बालक वर्ग आर्टिस्टिक एकल प्रतियोगिता में पीयूष बिस्टु ने कांस्य पदक हासिल किया. धनबाद पब्लिक स्कूल के इन प्रतिभागियों के शानदार उपलब्धि पर स्कूल के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्रवाल, सचिव अनिल अग्रवाल, प्राचार्या शारदा महाजन, उपाचार्य शौभिक चटर्जी, सुपर्णा घोष प्रशिक्षक शशिकांत पांडे और पिंकी सिंह ने बधाई दी है. यह जानकारी प्रशिक्षक शशिकांत पांडे ने दी.

### तालाब में डूबने से पेट्रोल पंप मालिक की मौत

**गोमो।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमो के गुनघुसा गांव निवासी व आजाद नगर स्थित जयमाता रानी पेट्रोल पंप के मालिक यशवंत प्रसाद बरनवाल (75) का शव रविवार सुबह गुनघुसा गांव स्थित रेलवे लाइन के बगल तालाब में उपलता मिला. शव पर ग्रामीणों की नजर पडी. ग्रामीणों ने शव को बाहर निकालने पर उसकी पहचान हुई. सूचना पाकर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे. शव को उठा कर घर ले आए और दाह संस्कार कर दी गई. घटना को लेकर गुनघुसा आजाद नगर में दिन भर चर्चाएं होती रही. ग्रामीणों ने जसवंत प्रसाद वर्णवाल तालाब आकर डूब कर मौत को गले लगा लिया. सूत्रों से मिली जानकारी से बताते हैं कि पत्नी के देहांत के बाद से अकेलापन में आकर यह कदम उठाया. उसने अपनी डायरी में स्वेच्छा से मौत को गले लगाने की बातें भी लिखी है.





MAYA ACADEMY
Classes (BOARDS - CBSE, ICSE, JAC)
VI-X - (English, Social Science, Computer)
XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)
U.G. & P.G Courses
Honour Subjects - English, History
M.A. Subjects - English, History
IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)
By :- SONA BISWAS
M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY),M.C.A
DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi

## ब्रीफ खबरें

### हावड़ा इंटरसिटी से कट कर रेल कर्मी की मौत

**बोकारो।** भोजुडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक मेन आनंद प्रकाश (49 वर्षीय) की मौत रांची-हावड़ा इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई. घटना रविवार सुबह करीब सवा 9 बजे की है. जब बोकारो से खुलकर यह ट्रेन भोजुडीह पहुंचने वाली थी. शव इंजन में फंस गया. ट्रेन रोक दी गई. शव हटाने को लेकर जीआरपी तथा स्थानीय थाना पुलिस के बीच सीमा को लेकर माथापच्ची शुरू हुई. करीब 11 बजे इंजन से शव हटाने के बाद ट्रेन आद्रा की ओर रवाना हुई. बता दें कि मृतक बिहार के जमुई जिला का निवासी था. बताया जाता है कि यह घटना भोजुडीह रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर पहले पोल संख्या 314/बी जी/13 के समीप हुई. जहां रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की ओर से ट्रैक के बगल में झाड़ियों की साफ-सफाई के लिए ट्रैक मेन को काम पर लगाया गया था. इस दौरान रांची से हावड़ा की ओर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में ट्रैक मेन आकर इंजन के आगे फंस गया.

### 10 दिनों से जलापूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

**डुमरी (गिरिडीह)।** नगरी लोहड़ीह ग्रामीण जलापूर्ति से 10 दिनों से आपूर्ति पूरी तरह से ठप है. जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है. विभाग की लापरवाही एवं संवेदक के द्वारा वहां कार्य कर रहे कर्मचारियों को 5 महीने से वेतन नहीं देने की बात पर पानी आपूर्ति रोक दी गई है. वहीं रविवार को जिप सदस्य धनंजय प्रसाद लोहड़ीह, मुखिया अर्जुन महतो व लोहेडीह जलसहिया के द्वारा पीएचडी विभाग के एक्सक्यूटिव से बात करके पुनः पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में पहल करने की मांग की एवं कर्मियों का मानदेय भुगतान करने की मांग की ताकि नियमित रूप से पानी आपूर्ति किया जा सके.

### गैराज से मोटर साईकिल की चोरी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पंचायत मधवाडीह के रघैडीह निवासी विजय गोस्वामी के घर बीती रात चोरों ने घर के बगल में बनाये गए गैराज का ताला तोड़कर एक अपाची मोटरसाइकिल संख्या जेएच 11 वाई 1994 चोरी कर ले भागे. सूचना मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की.

### पूजा गुप्ता बनी सहायक प्रोफेसर



**जमुआ (गिरिडीह)।** माहुरी वैश्य मंडल मिर्जागंज (गिरिडीह) की बेटी सहायक प्रोफेसर बनी. बता दें विनोद बिहारी कोयलांचल यूनिवर्सिटी में नीड बेसड सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर पूजा कुमारी गुप्ता का चयन हुआ है. इन्हें यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस स्नातकोत्तर विभाग में नियुक्ति मिली है. पूजा ने मेट्रिक तक की पढ़ाई अपने गांव के विद्यालय संत अरबिंदो कॉन्वेंट से की है. इंटरमीडिएट बी.एन.एस. डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, गिरिडीह से की है. बी.सी.ए की पढ़ाई रांची वीमेंस कॉलेज, एम.सी.ए की पढ़ाई रांची यूनिवर्सिटी से की है. पूजा ने यूजीसी एनईटी की परीक्षा में दो बार सफलता प्राप्त की है.

### एसडीपीओ ने किया प्रचार वाहन को रवाना

**गोड्डा।** आगामी 10 सितंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है. इसके लिए रविवार को नगर थाना परिसर से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जेपीएन चौधरी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक गौरव कुमार, नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली पुलिस निरीक्षक सदर, मादुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्फोट्टा, मोतिया ओपी प्रभारी महावीर पंडित सहित कई थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा झंडा दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया. मौके पर एसडीपीओ श्री चौधरी ने बताया कि प्रथम चरण में गोड्डा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, महिला थाना और मोतिया थाना क्षेत्रों से आने वाले मामलो की सुनवाई होगी. फरियादियों को अपनी शिकायत लेकर निर्धारित दिन मंगलवार को नगर भवन में आना होगा और अपनी शिकायतों को बतानी होगी. जिसके अनुसार कार्यवाई कर समाधान कराया जाएगा.

---

तीन साल से बंद ओपन कास्ट कोयला खदान शुरू करने की पहल तेज

# कल्पना सोरेन ने की डीसी के साथ बैठक

- सीसीएल क्षेत्र में जल्द लौटेगी रौनक : सुदिव्य कुमार



संवाददाता। गिरिडीह

करीब 3 साल बाद बंद पड़े ओपन कास्ट कोयला खदान को शुरू करने की पहल शुरू की गई है. गांडेय विधायक कल्पना सोरेन व गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार की पहल के बाद रविवार को स्थानीय परिसदन में डीसी नमन प्रियस लकड़ा, वन विभाग तथा सीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक की गई. तीन दिवसीय दौरे पर पहुंची कल्पना ने इसकी विशेष तौर पर पहल की. संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही सीसीएल क्षेत्र में रौनक लौटेगी. जिला स्तर की उच्च स्तरीय बैठक के बाद इसकी उम्मीद बढ़ गई है. मामले में गिरिडीह विधायक कुमार ने बताया कि ओपन कास्ट को पुर्नजर्गित करने के लिए जो समस्याएं हैं उसका निराकरण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि नई गाइडलाइन के अनुसार 1980 से पूर्व सीसीएल क्षेत्र ब्रोकन लैंड है, ऐसे में यहां कोयला निकालने में परेशानी नहीं है. सीसीएल के अधिकारी सारे दस्तावेज फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी को सौपेंगे. अधिकारियों ने जल्द ही मामले में पहल का आश्वासन दिया है. बैठक में गांडेय विधायक ने डीसी से खास तौर पर अपील की कि खुद इस मामले में अपने स्तर से पहल करें और आ रही अड़चन को दूर करने का प्रयास करें.

राज्य पर्यावरण और वन विभाग को निर्देश दिया कि दोनों मिलकर एक सप्ताह के अंदर सारे कागजात सीसीएल प्रोजेक्ट ऑफिसर को सौपेंगे. ताकि उसकी समीक्षा कर ओपन कास्ट से कोयला उत्पादन शुरू करने की पहल की जा सके. बैठक में अन्य के अलावा राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, डीएफओ मनीष तिवारी, अपर समाहर्ता विजय सिंह बेरवा आदि मौजूद थे.

### होटल से नकली शराब जब्त, संचालक गया जेल

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव को प्राप्त गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. उत्पाद विभाग ने सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्ग दर्शन में बोकारो स्टील सिटी थाना अंतर्गत सिटी पार्क परिसर में संचालित डैफोडिल फूड होटल में आज सुबह छापामारी की. इस क्रम में टीम द्वारा होटल से अवैध शराब जब्त किया गया. होटल से 146 पीस 44.808 लीटर विदेशी शराब, बडवाइसर बियर 500 एमएल 10 पीस एवं झारखंड सरकार का नकली लोगो बरामद किया गया. इस दौरान मौजूद होटल संचालक सुदेश कुमार शानन को उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है. उपायुक्त बोकारो ने आमजनों से अपील किया है कि अपने आस-पास अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं भंडारण को लेकर कोई भी सूचना उन्हें दें. उनका नाम गुप्त रखते हुए अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

### कल्पना से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल

**गिरिडीह।** राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ताओं का ग्रुप बीमा समेत पेंशन योजना पर मोहर के बाद रविवार को गिरिडीह में स्थानीय परिसदन में अधिवक्ताओं ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से भेंट कर उन्हें गुलदस्ता सौंपा और की गई कार्यवाही को ले आभार जताया. अधिवक्ताओं का नेतृत्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा मंटू कर रहे थे. अधिवक्ताओं ने राज्य सरकार की भरपूर सराहन की. कहा गया कि सरकार की योजना से अधिवक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी. मौके पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा जीपी जयंत कुमार सिन्हा, चंदन सिन्हा आदि मौजूद थे.

### गंगा मिशन कोलकाता ने किया पौधरोपण

**साहिबगंज।** शहर के भारतीय रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में रविवार को गंगा मिशन कोलकाता की ओर से आयोजित पौधरोपण एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके तहत 24 लोगों के बीच एक सौ से ज्यादा फलदार पौधे का वितरण किया गया. वहीं डॉक्टर, दीपक कुमार ने दो शब्द कहा कि जिसके घर में जगह नहीं है वो किचन, गार्डन, अपने छत, बालकनी में पौधा लगाए. मारवाड़ी समाज जितना अपने व्यापार के प्रति सजग रहता है, उतना ही समाज सेवा के प्रति सजग रहता है. पौधरोपण से लेकर स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक कार्यों में खुलकर सहयोग करते हैं. मारवाड़ी समाज के राष्ट्रीय सचिव प्रहलाद राय गोयंका समाज के लिए अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया है. साहिबगंज शहर के लिए, समाज में, शहर में, हरियाल लाने, पर्यावरण वातावरण को हरा भरा करने के लिए, ऑक्सीजन की चिंता किए. मॉडल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा रंजीत सिंह ने कहा कि स्वच्छ वायु, स्वस्थ वातावरण के लिए पेड़ पौधे अवश्य लगाए. गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज इकाई के वृहद पौधरोपण सह पौधा वितरण कार्यक्रम के तहत निःशुल्क पौधे का वितरण किया गया.

# प्रेशर बम के विस्फोट में पिता-पुत्र घायल, रेफर

झोपड़ी के अंदर थैला में रखा था प्रेशर बम

**खास बातें**

- विस्फोट की आवाज 5 किमी के दायरे में सुनी गई
- घटना के बाद गुलगुलिया समुदाय के लोग फरार



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां थाना क्षेत्र के गदर पावर ग्रिड से एक किलोमीटर अंदर जंगल में प्रेशर बम विस्फोट से पिता व पुत्र घायल हो गए. घायल की पहचान मध्यप्रदेश के कटनी निवासी 52 वर्षीय मजीद राठौर व दो वर्षीय पुत्र अजिद के रूप में की गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार गदर पावर ग्रिड से दक्षिण एक किलोमीटर दूर जंगल मे विगत दो तीन दिनों से कुछ गुलगुलिया परिवार के लोग रह रहे थे. दिन भर वे लोग क्षेत्र में घूम-घूमकर जड़ी बूटी, तेल, दवा आदि बेचते थे. रात्रि में वे लोग जंगली रास्ते मे सुअर मारने के लिए प्रेशर बम रख देते थे. जिसे खाकर सुअर मर सकें. शनिवार के रात में भी प्रेशर बम जगह-जगह लगा दिया गया था. वहीं अहले सुबह चुन कर अपने झोपड़ी में रख दिये थे. मजीद की पत्नी कुछ सामान लाने माल्डा गई थी. इसी बीच झोपड़ी के अंदर थैला में रखा प्रेशर बम ब्लास्ट कर गया . घटना में पिता व पुत्र दोनों घायल हो गए. प्रेशर बम की आवाज इतनी भयानक थी कि लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में इसकी आवाज सुनी गई. विस्फोट की आवाज सुनकर कुछ लोग घटनास्थल पर गए व 108 एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां भेजा गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. घटना की सूचना पर थाना प्रभारी महेश चंद्र घटनास्थल पर पहुँचे. उन्होंने कहा कि घटना के बाद सभी यहां से सामान आदि लेकर भाग गए हैं.

### कुलगो में कोयला लदा ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

**डुमरी (गिरिडीह)।** एसपी गिरिडीह के निर्देशानुसार अवैध कोयला का परिवहन पर रोकथाम हेतु डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में निमियाँघाट थाना एवं डुमरी थाना के द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के क्रम में चेकिंग के दौरान 7 सितंबर की रात्रि में एनएच रोड अवस्थित टॉल प्लाजा के पास कुलगो में कोयला लदा एक ट्रक संख्या जेएच 10सीवी 5421 को पकड़ा गया. ट्रक में फर्जी कागजात के सहारे अवैध कच्चा कोयला का परिवहन किया जा रहा था. पुलिस ने ट्रक के चालक, खलासी, मालिक तथा अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्ति मोजाहिद खान, पप्पु मंडल, अमीर खान के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर हिरासत में लिये गए ट्रक चालक जितेंद्र कुमार, पिता सरजू सिंह, ग्राम एवं थाना कुमारधुबी धनबाद एवं खलासी एजाज अंसारी, पिता इस्लाम अंसारी, ग्राम व थाना चिरकुंडा, जिला धनबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. छापामारी टीम में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, थाना प्रभारी निमियांघाट राणा जंग बहादुर सिंह, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन, पुअनि पितरूस केरकेट्टा तथा डुमरी एवं निमियांघाट थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

# गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जन संघर्ष से समझौता नहीं : राजेश

विशेष जन संपर्क अभियान के तहत किया कई गांवों का दौरा



संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)

पूर्व जिप सदस्य एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव ने रविवार को गांडेय प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ बैठक और मुलाकात की और कहा कि 1977 से लेकर आज तक गांडेय विधानसभा क्षेत्र के साथ लगातार उपेक्षा हुई है. गांडेय क्षेत्र के कई गांव विकास के मामले में पिछड़े हुए हैं. क्षेत्र में सड़कें नहीं हैं अथवा जर्जर हो चुकी हैं. शिक्षा-स्वास्थ्य का भी बुरा हाल है. गरीबों के राशन का वितरण ठीक से नहीं होता. लेकिन जनता का वोट लेने वाले निश्चिंत बने रहे. लोगों को जाति मजहब का दायरा तोड़कर इस स्थिति से बाहर निकलना होगा.

श्री यादव ने सिंहपुर, पुतरिया, गुलियाडीह आदि गांवों का दौरा किया और कहा कि लोग विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं. गुलियाडीह जैसे गांवों में आज तक सड़क नहीं बनी. ज्यादातर गांवों के लोग एक समान रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे हैं. कहा कि इन सवालों पर गांडेय में जन संघर्ष का इतिहास रहा है. इन संघर्षों के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता. आगामी विधानसभा चुनाव जनता के समर्थन और सहयोग से लड़ा जाएगा. लोग विकास और बदलाव चाहते हैं. लोगों से एकजुट होने की अपील की गई.

मौके पर उपस्थित यमुना वर्मा, ईश्वर दास, मनोज तुरी, रघु राय, प्रदीप तुरी, शंभू तुरी, संजय वर्मा, अनिल राय, भरत तुरी, प्रमोद तुरी, काली तुरी, फुसन तुरी, गुलाब तुरी, सीताराम तुरी, रेवत राय, छतरू यादव, बाबूराम तुरी, सुकर तुरी सहित अन्य लोग मौजूद थे .

## जर्जर सड़क पर भाजपाईयों ने की धनरोपनी

दो महीने में कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

जर्जर हो चुके धावाटांड बरियारपुर रोड की मरम्मती की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में धन रोपनी कर विरोध जताया और मरम्मती कार्य शुरू करने की मांग की, अन्यथा आंदोलन करने की बात कही. बताया जाता है कि 2010 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बना यह सड़क की लंबाई 4 किमी है, जो दर्जन भर गांव के करीब 5 हजार आबादी के आवागमन का साधन है. सड़क की स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों का पैदल भी चलना दुभर है. सड़क में असंख्य गड्ढे हो गये हैं, जिसमें बारीश का पानी भर जाता है. साथ ही बंगाली टोला हुंडरो के पास बना सड़क का पुलिया भी टूट गया है. जिससे ग्रामीणों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

इस दौरान उपमुखिया बासुदेव महतो, जागेश्वर मिर्धा, गोपाल महतो, जामनी देवी, चमेली देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, गुलाबी देवी, चंपा देवी, सुकमा देवी, सोनिया देवी, यशोदा देवी, रोहन राय, अशोक महतो, तुलसी तुरी, मनोज तुरी, सुभाष तुरी आदि उपस्थित थे.

# चुनावी स्टंट है अधिवक्ताओं के लिए की गई घोषणा : चुन्नू कांत

संवाददाता। गिरिडीह



अधिवक्ताओं के संदर्भ में की गई राज्य सरकार की घोषणा को जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नू कांत ने चुनावी स्टंट करार दिया है. रविवार को जारी बयान में कांत ने कहा कि झारखंड में 32000 से अधिक रजिस्टर्ड अधिवक्ता हैं. चुनावी आहट के बीच राज्य सरकार द्वारा की गई घोषणा लॉलीपॉप के समान है. कहा कि सरकार ने अधिवक्ताओं की ग्रुप बीमा की बात कही है, पर बजट मात्र 9 करोड़ की दी है. इतनी राशि में राज्य के 14000 अधिवक्ताओं का ही ग्रुप बीमा संभव है. उन्होंने सवाल उठाया कि बाकी की राशि कहां से आएगी? यह वकीलों को आपस में लड़ने की साजिश है. स्टाइपेंड की राशि 1000 से बढ़कर 5000 की गई है, पर शर्त इसमें लगा दी गई है कि आधी राशि स्टेट बार काउंसिल देगी, तब राज्य सरकार बाकी की राशि देगी. कहा कि 1000 की राशि ऐसे अधिवक्ताओं को स्टेट बार काउंसिल नहीं दे पा रही है तो ढाई हजार की राशि कैसे देगी?

**अपमानित करने की है सरकार की नियत**

अधिवक्ता संघ के महासचिव ने कहा कि सरकार की नियत अधिवक्ताओं को अपमानित करने की है. कहा कि अधिवक्ता ऑफिसर्स आफ कोर्ट होते हैं, पर निर्धारित की गई मासिक पेंशन कोर्ट के पेशकार और चपरासी से भी कम है. उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्य सरकार दुकान चलाने वाली पार्टी बनकर रह गई है. चुनाव आचार संहिता लागू होने में करीब 15 दिन है. कहा कि सरकार की आयु दो माह की है. अकल सिखाने वाले समुदाय को राज्य सरकार बेवकूफ बना रही है. मिलना कुछ नहीं है, यह केवल चुनावी घोषणा है. सरकार की नियत साफ है तो सिविल सूट में निर्धारित की गई फीस को कम की जाए. कहा कि पूर्व में जो 50000 थी वह बढ़कर 3 लाख कर दी गई है. इससे गरीब परेशान है.

### क्रेजी कार क्लिनिक का उद्घाटन

**बोकारो।** क्रेजी कार क्लिनिक सह बुश सर्विस, वर्ल्ड क्लास वर्कशॉप, एम सिटी सेंटर में प्रारंभ हुआ. इस वर्ल्ड क्लास वर्कशॉप का उद्घाटन बोकारो के प्रसिद्ध उद्योगपति ईश्वर चंद्र एवं प्रेमचंद ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर किशन लाल अध्यक्ष सह वेयर एंड लॉस असेसमेंट एसोसिएशन, राघव कुमार सिंह महामंत्री बिस्को, राकेश मिश्रा पूर्व सैनिक परिषद, शासि करात सचिव के केर्लियन कल्चरल एसोसिएशन और राजेंद्र विश्वकर्मा चेयरमैन आदर्श सहकारी के निर्माण समिति व अधिवक्ता एके राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर क्रेजी कार क्लीनिक का विधिवत शुभारंभ किया. प्रतिष्ठान में चार पहिया वाहनों की वर्ल्ड क्लास सर्विसिंग डेंटिंग, पेंटिंग, चक्को की बैलेंसिंग, एसी एवं गाड़ी की तकनीक सर्विस, धुलाई से लेकर सभी प्रकार की सर्विस प्रदान की जाएगी. इस अवसर पर मनोज चौधरी बोकारो चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष, संजय वैध, प्रसांत कुमार, मनीष, ऋत्विक, राजकुमार, शिशु, जवाहर विश्वकर्मा, बैजनाथ,सोनू, जितेंद्र, विप्लव, संजय वेश, केपी सिन्हा, देव कुमार, दिनेश लाल श्रीवास्तव उपस्थित हुए और शुभकामनाएं दी.

### 16 स्कूलों के 47 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने अपने अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रोटरी प्ले स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह को बड़े उत्साह के साथ मनाया. यह आयोजन रोटरी प्ले स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ शहर के प्रमुख विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया गया था. जिसमें क्लब के सचिव हरदीप सिंह, स्कूल की चेयरमैन पूनम त्रेहान, गैर-स्वास्थ्य समिति के निदेशक अनिल त्रिपाठी, पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर महेश केजरीवाल, वरिष्ट सदस्य पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व अध्यक्ष बी एस जायसवाल, अशोक केडिया, संजय तिवारी, मन्नू श्रीवास्तव, विवेक कक्कड़, धरमपाल, प्रधानाचार्य मानसी सहाना और उप-प्रधानाचार्य सीमा गिरी एवं सलाहकार समिति के प्रभारी प्रदीप नारायण तथा कोषाध्यक्ष प्रदीप रे तथा अनेकों रोटरी सदस्यों सहित विभिन्न स्कूलों से आमंत्रित शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही. रोटरी प्ले स्कूल के इस समारोह में करीब 16 विभिन्न स्कूलों से आए हुए 47 शिक्षकों को अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता एवं उनकी कार्यकारिणी तथा रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया.

### बोकारो में स्वतंत्र यूनियन का गठन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मियों ने अपना स्वतंत्र यूनियन का गठन किया है, जिसका नाम आरएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ है. यह यूनियन बीएकेएस बोकारो के सहयोगी यूनियन के रूप में कार्य करेगी. सहायक निबंधक ट्रेड यूनियन ने इस यूनियन को निबंधन प्रमाण पत्र जारी किया है, जिसके तहत इसे एक ट्रेड यूनियन के रूप में मान्यता प्रदान की गई है. इस यूनियन के गठन का मुख्य कारण वर्तमान एनजेसीएस यूनियनों की असफलता और कर्मचारियों का शोषण है. आरएसपी कर्मचारियों सहित सेल के सभी गैर कार्यपालक कर्मचारियों का वेज रीविजन 93 माह से अधूरा है और कई सुविधाएं बंद कर दी गई है. आरएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के प्रमुख पदाधिकारियों में अध्यक्ष सुधीर कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राम प्रकाश पटेल, महासचिव अभिजित कुमार, उप महासचिव ललित नरायण सिंह, संगठनात्मक सचिव मलय पांडा, कोषाध्यक्ष सरोज कुमार गुप्ता और उप कोषाध्यक्ष किरण चंद्र महाराणा शामिल हैं. इस यूनियन के गठन के साथ ही, सेल की अन्य यूनिटों में भी कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं और स्वतंत्र यूनियन का गठन करने की तैयारी में हैं.

### गांडेय में कुशवाहा संघ का सम्मेलन सम्पन्न


**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के बेलडीह गांव स्थित विद्यालय परिसर में कुशवाहा संघ का सम्मेलन किया गया. जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष नरेश वर्मा ने की . कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, संघ के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव वर्मा, विनय कुमार, नरेश वर्मा, गुलाब वर्मा ने सयुक्त रूप से फीता काट कर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने अपने ढाई साल के कार्यकाल की उपलब्धि गिनाई. सम्मेलन में गिरिडीह जिला के सभी प्रखंड से समाज के महिला पुरुष ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम में बच्चे, बच्चियों ने एक से बढ़कर एक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कुशवाहा संघ के जिला अध्यक्ष इंदरदेव वर्मा ने कहा कि कुशवाहा संघ की बैठक में समाज के लोगों ने निर्णय लिया है कि समाज में दहेज प्रथा को समाप्त किया जायेगा, समाज को शिक्षित किया जायेगा, समाज के वैसे गरीब परिवार को मदद किया जायेगा, जिससे समाज आगे बढ़ सके.

जारंगडीह उत्तरी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# पंचायत सचिवालय की स्थिति देख बीडीओ ने जताई नाराजगी

संवाददाता। कथारा

बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह उत्तरी पंचायत सचिवालय में रविवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाना था, जिसके लिए जन भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया.



कार्यक्रम का शुभारंभ बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, पंचायत मुखिया फिरोज खातून और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे और जिला स्तरीय पर्यवेक्षक पदाधिकारी ने सभी स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने शिविर में आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं.

हालांकि, इस दौरान नेट की समस्या के कारण आधार से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हो सका. जो महिलाएं, बच्चे और अन्य लोग आधार की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में आए थे, उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा, जिससे लोगों ने नाराजगी जताई.

पंचायत सचिवालय के प्रांगण की खराब स्थिति और पंचायत भवन का रंग-रोगन ठीक नहीं होने पर बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत के मुखिया को फटकार लगाई. इसके बाद, उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है. उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार, सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने के प्रयास लगातार जारी है. उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और मंईयां सम्मान योजना के बारे में बताया कि अब 18 वर्ष के लाभुकों को भी इसका लाभ मिलेगा.


इस मौके पर जेई अजीत साह, पंचायत सचिव मनोज दास और प्रखंड स्तरीय कई विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे.

### बरजो पंचायत में सरकार आपके द्वार

**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरजो के पंचायत भवन में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसमें बरजो पंचायत भवन में धनवार प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार दास और अंचलाधिकारी गुलजार अंजुम मुख्य रूप से उपस्थित रहे . इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार दास ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजना में भाग लेकर योजना का लाभ उठाएं . साथ ही उन्होंने कहा कि इस योजना में सभी तरह के स्टॉल लगाए गए हैं . मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना, पशुधन योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, आय, आवासीय, दाखिल खारिज आदि के स्टाल लगाए गए . जिसमें सभी योजना से लाभार्थी आकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं . इस दौरान बरजो पंचायत के मुखिया सुभाष यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे योजना का लाभ यहां के जनता को शत प्रतिशत मिलना चाहिए . इस योजना से एक भी लोग वंचित न रहे, इसलिए यह योजना आपके पंचायत भवन में लगाया गया ताकि ग्रामीणों को यहां वहां न भटकना पड़े . मौके पर राम लखन मिस्त्री, राजस्व उप निरीक्षक धनंजय प्रसाद, राजस्व निरीक्षक प्रभारी सह अंचल निरीक्षक महेंद्र कुमार वर्मा, लिपिक अंचल कार्यालय नूतन रजक, प्रधान सहायक प्रखंड सुनील कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंचायत सचिव राजेश कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक साजन कुमार राणा, कंप्यूटर ऑपरेटर अविनाश प्रसाद, जनसेवक सहित वार्ड सदस्य और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे .

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व विधायक ने गणेश पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**कालूबाथान।** कालूबाथान सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में शनिवार की रात 9 दिवसीय गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने फीता काटकर किया. उद्घाटन के बाद उन्होंने भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने माथा टेका और लोगों के सुख शांति की कामना की. गणेश पूजा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत बुके देकर किया. गणेश पूजा का आयोजन करने पर उन्होंने पूजा समिति को बधाई दी. कहा कि निरसा दक्षिणी क्षेत्र में गणेश पूजा और मेला का आयोजन करना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है. गणेश पूजा के अवसर पर यहां 9 दिवसीय मेला भी लगा है. मेला में बच्चों के मनोरंजन की भरपूर व्यवस्था है. मौके पर पुजारी मुकुल रंजन मुखर्जी समेत गणेश पूजा समिति के सभी सदस्यगण मौजूद थे.

### पदुगोड़ा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत में रविवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया महेश कुमार पटवारी ने किया. कार्यक्रम स्थल पर अबुआ आवास योजना, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि एवं पशुपालन समेत अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे. कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से दो महिलाओं की गोद भराई एवं दो बच्चे को अन्नप्रासन कराया गया. मौके पर मुखिया महेश कुमार पटवारी समेत नॉडल अधिकारी जेएसएस राज कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शोभा सिन्हा, सीएचओ बुलबुल कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी, पीडीएस डीलर रामेश्वर मोदी, पशुपालन अधिकारी समीर मण्डल, प्रभारी पंचायत सचिव हेंदलाल टुडू, जन सेवक रंजीत प्रसाद, राजस्व विभाग के विनोद प्रसाद सिन्हा व अजय कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे.

**गुड न्यूज : मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना के तहत धनबाद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में होंगे सुधार**

# 88 स्वास्थ्य केंद्र भारतीय स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप होंगे विकसित

अमल मंडल । धनबाद

मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना के तहत धनबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) आदि को भारतीय स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा. इसके लिए आधारभूत संरचनाओं का आकलन कर विस्तृत योजना बनाई जाएगी और मानक के अनुरूप जरूरी काम कराए जाएंगे.



**88 छोटे-बड़े स्वास्थ्य केंद्रों के लिए बनेगी अलग-अलग योजना :** जिले में सभी सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को मिलाकर कुल 88 स्वास्थ्य केंद्र हैं. उन सभी के लिए अलग-अलग योजना बनाई जाएगी. इसका एक बड़ा उद्देश्य यह भी है कि सभी केंद्रों में उपलब्ध उपकरणों- मशीनों और बुनियादी सुविधाओं में जो अंतर है, उसे पाटा जा सके. इससे सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को एक समान जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी.

### चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ की कमी होगी दूर

मैनपावर चिकित्सकों व पारा मेडिकल स्टाफ की मांग होगी और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कितने चिकित्सकों, पारा मेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मियों की जरूरत पड़ेगी, इसका आकलन भी प्लान के तहत किया जाएगा. उसी आधार पर पर्याप्त संख्या में मैनपावर उपलब्ध कराने की अनुशंसा प्रशासन और सरकार से की जाएगी. जरूरी मशीनों और उपकरणों की मांग भी रखी जाएगी.

### ये सारे सुविधाएं होंगे उपलब्ध

आधारभूत संरचना भवन, बिजली, पानी, शौचालय का इंतजाम होगा एक्शन प्लान के तहत सभी सीएचसी, पीएचसी में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जरूरतों का आकलन किया जाएगा. अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर बनाया जाएगा. पेयजल और बिजली की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. महिलाओं और पुरुषों के लिए पर्याप्त संख्या में शौचालय बनवाए जाएंगे.

### स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनान मकसद : सीएस

सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन ने कहा कि इस योजना के तहत, जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर बनाया जाएगा, जिसमें नए उपकरण और मशीनें लगाई जाएंगी, और स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी. इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, और उनका इलाज बेहतर तरीके से हो पाएगा. उन्होंने कहा कि यह सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है. सरकार का उद्देश्य है कि जिले के सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें, और इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है.

### शिक्षित महिला विकसित भारत सम्मान समारोह

**मैथन।** उन्नयन समिति ने निरसा के सालुकचपड़ा गांव के दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को शिक्षित महिला विकसित भारत सम्मान समारोह आयोजित किया. समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा उपस्थित थे. समारोह में 60 स्नातकोत्तर, स्नातक शिक्षित महिलाओं को मुख्य अतिथि सुधांशु शेखर झा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मौके पर झा ने कहा कि सालुकचपड़ा गांव का अपना एक ऐतिहासिक एवं गौरवशाली अतीत है. समारोह में बेनीमाधव मुखर्जी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मुखर्जी ने किया. समारोह मे पोषण सखी, सेल्फ हेल्फ ग्रुप की महिलाओं ने भी भाग लिया. श्री झा ने पोषण सखियों की नौकरी बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री तथा उनकी आवाज बनने के लिए कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया.

## सब जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता की टीम का एलान

**बैंगलोर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए 14 खिलाड़ी चयनित**



संवाददाता । धनबाद

झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी ने रविवार को बड्र्स गार्डन स्कूल राजगंज में चल रहे चयन ट्रायल कैंप के अंतिम दिन झारखंड फुटबॉल टीम के चयनित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा कर दी. इस टीम में चयनित खिलाड़ी बैंगलोर में आयोजित होने वाली सब जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर 14) में भाग लेंगे. महासचिव गुलाम रब्बानी ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जीत कर लौटेंगे और झारखंड का नाम रोशन करेंगे. बड्र्स गार्डन स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद चौरसिया ने महासचिव गुलाम रब्बानी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. संघ के मोहम्मद सलाउद्दीन व डॉ विकास रमन ने संघ की ओर से प्रमोद चौरसिया को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. यह प्रतियोगिता झारखंड फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित की जा रही है और इसमें झारखंड के अलावा देश के अन्य राज्यों की टीमें भाग लेंगी. मौके पर बड्र्स गार्डन स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद चौरासिया, फुटबॉल संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष डॉ विकास रमन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, उदय मिश्रा आदि मौजूद थे. टीम सोमवार को धनबाद से बैंगलोर के लिए रवाना होगी.

## जैन धर्मावलंबियों का दस दिवसीय पर्युषण पर्व शुरू

संवाददाता । धनबाद

जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा त्योहार पर्युषण पर्व की शुरुआत धैया स्थित जैन मंदिर में रविवार से हुई. दस दिवसीय इस त्योहार का समापन 17 सितंबर को होगा. जैन श्रद्धालु इस पर्व को आत्मशुद्धि , तपस्या और आत्मावलोकन के रूप में मनाते हैं, जिसे दशलक्षण कहा जाता है. पर्व के प्रथम दिन इशू मयंक बाकलीवाल ने ध्वजारोहण किया. इसके बाद जैन समाज की महिलाओं ने घट यात्रा निकाली. राजस्थान के सांगनेर से आए जैन पुजारी ने भगवान महावीर का शांतिधारा अभिषेक किया. शांतिधारा में आईआईटी-आईएमएम धनबाद के 15 छात्र भी शामिल हुए. इसके बाद दशलक्षण पूजा शुरू हुई. दशलक्षण में क्षमा, मृदुता, सरलता, शुद्धता, सत्यनिष्ठा, संयम, तपस्या, त्याग, वैराग्य और ब्रह्मचर्य शामिल है. पर्युषण पर्व में जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर संप्रदाय के श्रद्धालु भादो महीने में तप-साधना करते हैं. मान्यता है कि यह पर्व श्रद्धालुओं को उत्तम गुण अपनाने की प्रेरणा देता है.



दस दिवसीय पर्व के दौरान जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, तप और ध्यान किया जाता है. श्रद्धालु व्रत, तप और साधना करके आत्म शुद्धि का प्रयास करते हैं तथा साल भर जाने-अनजाने में किए गए पापों के लिए भगवान महावीर से क्षमा याचना करते हैं. पर्युषण का शाब्दिक अर्थ है पास आना या निकटता प्राप्त करना. इसका मतलब है पर्व के दौरान सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर आत्मा का परमात्मा के समीप जाना. इस पर्व के दौरान जैन श्रद्धालु अपने जीवन के गहरे आत्मिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं. यह पर्व त्याग, तप, और संयम का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु अपनी आत्मा की शुद्धि का प्रयास करते हैं. पर्व के दौरान उपवास, प्रार्थना और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन किया जाता है. पर्व के दौरान श्रद्धालु अपनी आंतरिक दुनिया की ओर ध्यान केंद्रित करते हैं तथा अपने जीवन को नए सिरे से शुरू करते हैं.

उपवास का महत्व इस पर्व में बहुत अधिक है. श्रद्धालु बिना जल के उपवास करते हैं. इसके अलावा पापों के पश्चाताप के लिए प्रतिक्रमण भी किया जाता है. ऐसा किया जाना आत्मिक शुद्धि का महत्वपूर्ण हिस्सा है. पर्युषण पर्व के अंत में क्षमापना का विशेष महत्व है. जैन श्रद्धालु एक-दूसरे से क्षमा मांगते हैं. यह क्षमापना सभी जीवों के प्रति करुणा और दया का प्रतीक है.

## टाटा डीएवी स्कूल ने मनाया श्रमदान सह सुरक्षा सप्ताह



**खास बातें**

- सड़क पर बने गड्ढे की शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने की भराई

संवाददाता । धनबाद

झरिया के जामाडोबा स्थित टाटा डीएवी स्कूल में रविवार को श्रमदान सह सुरक्षा सप्ताह मनाया गया. इस दौरान स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर श्रमदान कर गड्ढ़े की भराई की गई. श्रमदान करने वालो में टाटा डीएवी के प्राचार्य समेत शिक्षक-शिक्षिका और कर्मी शामिल थे. मौके पर प्राचार्य ए के मिश्रा ने कहा कि स्कूल आने वाली मुख्य सड़क कई महीने से जर्जर है, जिससे हमेशा किसी तरह की अनहोनी की आशंका बनी रहती थी. सड़क सुरक्षा के तहत स्कूल के शिक्षिक-शिक्षिकाओं और कर्मियों ने श्रमदान कर गड्ढे की भराई की. साथ ही उन्होंने कहा समाज को जागरूक करने के लिए श्रमदान एक अच्छी पहल है.

# आसनसोल

## जूनियर डॉक्टर की हत्या के खिलाफ चिकित्सकों का प्रदर्शन

**खास बातें**

- राज्यपाल से की जांच में हस्तक्षेप की मांग

संवाददाता । कोलकाता



आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के खिलाफ शनिवार को यहां चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने बड़ी रैली निकाली. उन्होंने पीड़िता को इंसाफ दिलाने के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मामले में हस्तक्षेप की अपील की है. रैली का आयोजन मेडिकल सर्विस सेंटर, सर्विस डॉक्टर फोरम, नर्सेस यूनिटी सहित अन्य नागरिक संगठनों ने किया था. एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी गेट के सामने से शुरू हुए इस महाजुलूस को राजभवन तक जाना था. लेकिन, जुलूस के धर्मतला स्थित रानी रासमणि एवेन्यू पहुंचने पर पुलिस ने रोक दिया. इसके बाद सर्विस डॉक्टर फोरम के महासचिव डॉ सजल घोष के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस को ज्ञापन सौंपने राजभवन पहुंचा. इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ अशोक सामंत, डॉ सजल विश्वास, डॉ नीलरतन नैया, डॉ शुभेंदु मल्लिक और सिस्टर वासवती मुखर्जी शामिल रहे. हालांकि, चिकित्सकों का यह प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से नहीं मिल सका. इस बारे में सर्विस डॉक्टर फोरम के कोषाध्यक्ष डॉ सपन विश्वास ने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आरजी कर मामले की सुनवाई है. पर अब तक इस मामले में आरोपी संजय राय को छोड़ कर अन्य किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. राज्यपाल राज्य के प्रशासनिक प्रमुख हैं. इसलिए हम चाहते हैं कि राज्यपाल के जरिये जांच प्रक्रिया में गति लाने के लिए सीबीआइ तक संदेश पहुंचाया जाये. पर राज्यपाल अनुपस्थित थे. रैली में शामिल डॉ विप्लव चंद्रा ने बताया कि आज राजभवन की ओर से अचानक 3 बजे बताया गया कि राज्यपाल मुंबई जा रहे हैं. ऐसे में राज्यपाल की अनुपस्थिति में उनके सचिव को ज्ञापन सौंपा गया. डॉ सजल घोष ने बताया कि पहले से समय देने के बावजूद राज्यपाल शनिवार को राजभवन में नहीं थे.

### चिकित्सकों की मांगें

डॉ सजल घोष कहा कि आरजी कर मामले में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर सबूतों से छेड़छाड़ करने के आरोप हैं. ऐसे में कोलकाता पुलिस के अधिकारियों को भी जांच के दायरे में लाया जाये. चिकित्सकों का आरोप है कि पुलिस अपराधियों को बचा रही है. इसलिए चिकित्सक संगठनों द्वारा राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गयी है. कहा गया है कि यदि राज्यपाल इस मामले हस्तक्षेप नहीं करते हैं तो हम बड़े आंदोलन की राह पर जाने को बाध्य होंगे.

### जूनियर डॉक्टरों ने किया निशुल्क इलाज

**रानीगंज।** वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर फोरम द्वारा आयोजित अभया क्लिनिक में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने आम लोगों का निशुल्क इलाज किया. यह आयोजन कोलकाता मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना के बाद हुआ, जिसके एक महीने बाद भी दोषियों को सजा नहीं मिली है. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की रानीगंज शाखा की अध्यक्ष, डॉ. चैताली बसु ने बताया कि पूरे पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टर अभया क्लिनिक के माध्यम से आंदोलन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि क्लिनिक के आयोजन की जानकारी कल शाम को दी गई थी और लोगों को माइकिंग के माध्यम से सूचित किया गया था. क्लिनिक में विभिन्न विभागों के डॉक्टर मौजूद थे, जो लोगों की जांच और इलाज कर रहे थे. इसके साथ ही, शाम 5:00 बजे से मधुसूदन स्टैचू से नेताजी स्टैचू तक मानव बंधन आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टरों और आम जनता ने हिस्सा लिया.

## स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म, हत्या के मामले में दोषी को फांसी की सजा

संवाददाता । कोलकाता

सिलीगुड़ी की एक अदालत ने शनिवार को दार्जिलिंग के माटीगाड़ा में स्कूली छात्रा से दुष्कर्म और उसकी नृशंस हत्या के जुर्म में दोषी को फांसी की सजा सुनायी. एडिशनल सिटी सेशन कोर्ट की न्यायाधीश अनीता माथुर ने सजा का एलान किया. दोषी का नाम मोहम्मद अब्बास (23) है. यह जानकारी सरकारी पक्ष के वकील विभास चटर्जी ने दी. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को ही सजा की घोषणा करने की बात थी, लेकिन न्यायाधीश ने फैसले को शनिवार तक सुरक्षित



रखा था. श्री चटर्जी ने बताया कि तमाम सबूतों की जांच के बाद कोर्ट ने अब्बास को दोषी पाया. उन्होंने कहा कि करीब एक साल में इस मामले की सुनवाई पूरी कर ली गयी. वहीं, अभियुक्त के वकील ने कोर्ट के समक्ष दलील देते हुए कहा कि अभियुक्त की मां बुजुर्ग हैं. दो छोटे बच्चे भी हैं. इसलिए कोर्ट फिर से अपने फैसले पर विचार करे. वहीं, मृतका की मां ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर की है. उन्होंने कहा कि अब मेरी बेटी की आत्मा को शांति मिलेगी.

**क्या है मामला :** 21 अगस्त, 2023 को माटीगाड़ा में मोहम्मद अब्बास ने 11वीं कक्षा की एक छात्रा का अपहरण कर जंगल में एक खाली पड़े मकान में उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके चेहरे को ईंट से कुचल कर उसकी हत्या कर दी थी. घटना के छह घंटे के अंदर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मामले की सुनवाई कोर्ट में शुरू हुई.

### सुभाष सेतु की टूटी रेलिंग की मरम्मत शुरू

**सांकतोड़िया।** डिसरगढ़ दामोदर नदी पर बने सुभाष सेतु की पश्चिम किनारे की टुटी रेलिंग की रविवार को मरम्मत शुरू की गई. इससे पद यात्रियों में खुशी देखी गई. उल्लेखनीय है कि बीते 23 मई को अज्ञात वाहन के अनियंत्रित हो कर टकरा जाने से रेलिंग टूट गई थी. गनीमत रही की वाहन नदी में गिरने और कोई भारी दुर्घटना होने से बच गई. लोगों ने दुर्घटना के पीछे कई तरह के आरोप लगाए हैं. आरोप है कि पुलिस की वसूली के डर से बचकर भागते वाहन, कम रात को बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे युवक या फिर नशे में वाहन चलाने आदि की वजह से ऐसी दुर्घटना घटती हैं.

इसके पहले भी हुई दुर्घटना से पुल के पूर्व तरफ की रेलिंग भी टूट गई थी. जिसमे वाहन बीच पुल पर ही पलट गई थी. जो भी अब टूटे भाग की मरम्मत होने से यात्रियों में खुशी है. लोगों ने राहत की सांस ली है.

### अग्रहरि समाज का स्थापना दिवस समारोह

**रानीगंज।** रानीगंज अग्रहरि समाज की स्थापना दिवस समारोह अग्रहरि भवन में आयोजित की गई. नवनिर्वाचित कमिटी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सचिव गणेश गुप्ता एवं कषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता को शपथ दिलाई गई. शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रानीगंज शाखा के प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार सर्व प्रथम समाज के संस्थापक सदस्यों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा की आज का समय शिक्षा का है, बच्चों में शिक्षा की जागरूकता पर बल दिया. खास कर लड़कियों की शिक्षा आज का समय का अहम जरूरत है. नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता ने अपने सम्बोधन में समाज में एकता और सहयोग के लिए अपनी योजनाओं को विस्तार से बताया. इस साल वार्षिक उत्सव मानने पर चर्चा किया.

## गणेश पूजा पंडाल में कविता पाठ आयोजन



संवाददाता । नितुरिया

नितुरिया के पारबेलिया सरस्वती क्लब द्वारा 26वें गणेश पूजा के अवसर पर रविवार को कविता मंजुरी के दूसरे खंड का लोकार्पण किया गया. इसका उदघाटन नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांति भूषण यादव एवं सरस्वती क्लब के सदस्यों ने किया. मौके पर कवि एवं साहित्यकार शांतनु भट्टाचार्य, लक्की चटराज, अपर्णा देवघरिया, माधव मंडल, शिक्षक अविनाश महतो, समीर गोंराई, साहित्यिकार, पत्रकार बब्लू बाल शांति प्रिया गुरु व अन्य लोग उपस्थित थे. सरस्वती क्लब की ओर से क्लब के सदस्यों ने सभी कवियों और लेखकों को सम्मानित किया कविता पाठ कर आरजी टैक्स की घटना का पुरजोर विरोध किया गया. आरजी टैक्स घटना के विरोध में एकजुट हुए नितुरिया के कवि और लेखक गणेश मेला कार्यक्रम में कवियों ने आरजी टैक्स घटना का जमकर विरोध किया. इस अवसर पर कवि साहितिकारों ने एक मिनट का मौन रखकर आरजी कर की बेटी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.

## धूमधाम से मना 421 वां प्रकाश पर्व

संवाददाता । नितुरिया

नितुरिया प्रखंड के पारबेलिया स्थित गुरुनानक गुरुद्वारा के तत्वावधान में रविवार को पारबेलिया में गुरुग्रंथ साहिब का 421 वां प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया. उल्लेखनीय है कि गुरुग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व 1 सितंबर सन 1604 ई में हरमंदिर साहिब अमृतसर में मनाया गया था. कार्यक्रम में पंजाब से कवि मलकित सिंह निमाना जी, कीर्तनिया जत्था रणधीर सिंह जी जानु, प्रचारक हरविंदर सिंह जी जानु सहित अन्य लोगों ने अपनी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में पारबेलिया गुरुद्वारा प्रबंधक के प्रधान सरदार मलकित सिंह अध्यक्ष गुरुदीप सिंग, सचिव जसपाल सिंह, तथा समिति के अन्य सदस्य गण का सक्रिय सहयोग रहा. पुलिस प्रशासन ने भी काफी सहयोग किया. गुरुपर्व में संगत को गुरु से जोड़ने के लिए गुरुवाणी कीर्तन तथा कथा की गई.



इसमें पारबेलिया सहित आसनसोल, बर्नपुर, बराकर, कुमारधुबी, निरसा, रानीगंज, दुर्गापुर, आदि जगहों से संगत यहां पहुंचा. कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारा का लंगर चला. अंत में शोभायात्रा के रूप में नदी घाट से गुरुद्वारा तक पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया गया. सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा.

## बिकास कुमार ने राष्ट्रीय ग्रामीण पत्रकारिता प्रशिक्षण में लिया भाग

संवाददाता । आसनसोल

बराकर के युवा पत्रकार बिकास कुमार शर्मा ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) हैदराबाद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय ग्रामीण पत्रकारिता प्रशिक्षण में भाग लिया. एनआईआरडीपीआर के हैदराबाद कैम्पस में 4 से 6 सितंबर तक आयोजित हुए प्रशिक्षण के समापन पर कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ आकांक्षा शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ पांडे ने श्री शर्मा सहित भाग लेने वाले सभी 40 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया. श्री शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीण इलाकों में पत्रकारिता को मजबूत करने के गुर बताए गए साथ ही प्रशिक्षित पत्रकारों से आशा व्यक्त कि वे अपने इलाकों में स्थानीय पत्रकारों



को बौद्धिक सहयोग प्रदान करें. डॉ शुक्ला ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में भारत सरकार द्वारा प्रमाणित किया जाना विकास संवाद में एक सकारात्मक पहल है. प्रशिक्षित पत्रकार स्थानीय पत्रकारिता संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रेस क्लब आदि में भी अर्जित ज्ञान को साझा कर सकते हैं. ज्ञातव्य हो कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल कैंपस से शिक्षित श्री शर्मा सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) नई दिल्ली तथा अमरीकी संगठन इंटरनेशनल सेंटर फॉर जर्नलिस्ट्स (आईसीएफजे) के फैलो भी रहे हैं.

